न्यूज़लेटर

16 से 31 जनवरी, 2025

दिल्ली में यमुना:

नदी या नाला?

पूरा वीडियो यहां देखें

राहुल गांधी ने यमुना नदी का दौरा किया और पर्यावरण कार्यकर्ता भीम सिंह रावत के साथ यमुना नदी के प्रदूषण पर बात की। उन्होने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना को साफ करने के झूठे वादे किए और इस नदी को नाला बना दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यमुना एक जीती-जागती इकाई है जो सबको जीवन देती है। अपने दौरे के दौरान वह नाविकों से भी मिले जिन्होंने उन्हें बताया कि पानी में गंदगी से लोग आना कम हो गए हैं जिससे उनकी कमाई खत्म हो गई है।

बवाना में एक रैली में राहुल गांधी ने अरविंद केजरीवाल से पूछा कि, केजरीवाल जी ने वादा किया था कि 5 साल में यमुना साफ कर दूंगा, यमुना का पानी पिऊंगा। अब तो 5 साल भी हो गए, आखिर केजरीवाल जी यमुना का पानी कब पिएंगे? उन्होंने कहा केजरीवाल जी शीशमहल में रहते हैं, करोड़ो के मकान में रहते हैं, साफ-सुथरा पानी पीते हैं जबकि दिल्ली के लोगों को गंदा पानी पीना पड़ता है।

रैली का वीडियो यहां देखें

बड़े अस्पताल की दीवारों के बाहर भी सहारे की दरकार

मेरे विचार

AIIMS के दौरे के समय, मैंने देखा कि मरीज और उनके परिवार के लोग ठंड में फुटपाथ पर सो रहे थे- उनके पास न छत है, न खाना, न शौचालय और न पीने का पानी। AIIMS दिल्ली बेहतरीन और किफायती चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करता है, लेकिन ये सुविधाएं उस बड़े अस्पताल की दीवारों के बाहर भी होनी चाहिए। मैंने स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सिंह को पत्र लिखकर एम्स आने वाले मरीजों और उनके परिवारों को पर्याप्त आवास सुविधा देने का अनुरोध किया है। मैने स्वास्थ्य प्रणाली की समीक्षा करने का भी अनुरोध किया है ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए मजबूर न होना पड़े।

पूरा वीडियो यहां देखें

साथ ही, पत्र भी पढ़ें



फोकस इवेंट

संविधान में दलितों का दर्द झलकता है

वीडियो यहां देखें

दिल्ली में दलित इन्फ्लुएंसर्स मीटिंग के दौरान राहुल गाँधी ने कहा कि हमारे संविधान पर दलित विचारों और इतिहास का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। उन्होंने ये भी कहा कि मोदी, केजरीवाल दोनों के विचार एक समान हैं, दोनों ही दलित विरोधी और आरक्षण विरोधी हैं।

झलकियां

BPSC पेपर लीक से परेशान छात्रों के साथ मुलाकात की।

मध्यप्रदेश के डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली में अपने विचार रखे।

दिल्ली में रैली के दौरान अपनी बात रखी।

दिल्ली में महर्षि वाल्मीकि मंदिर जाकर दर्शन किए।

पटना में लालू जी के घर जाकर उनसे मुलाकात की।

राहुल गांधी के विचार

"ये मीडिया हिंदुस्तान के किसानों की बात नही करेगा, मजदूरों की बात नही करेगा, बेरोजगार युवाओं की बात नही करेगा, बस दिन-रात अडानी-अंबानी की शादी की बात करेगा।"

जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली में

CLICK TO **SUBSCRIBE** TO THIS NEWSLETTER